# अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस, 2025

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई के द्वारा राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर के सहयोग से राजस्थान के उदयपुर जिलें में दिनांक 22 मई, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष पर एक कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दिवस की **विषय–वस्तु "प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत् विकास है।"**




सर्वप्रथम कार्यशाला में श्रीमान आर.एन.मीणा, सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। मुख्य अतिथि श्रीमान तन्मय कुमार सचिव, केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा राजस्थान की जैव विविधता की समृद्धता, प्रजातियों, परितंत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देकर, इसके बचाव हेतु सामूहिक उत्तरदायित्व द्वारा संरक्षण की बात कही।




श्रीमान अमनदीप गर्ग, अतिरिक्त सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, श्री अचलेन्द्र रेड्डी, अध्यक्ष राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई द्वारा जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रबन्धन समितियों के महत्व के एवं भविष्य तक की पीढ़ियो हेतु जैव विविधता को बचाने के प्रयास के बारे में बताया गया। अतिथियों द्वारा नई राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना 2024–2030 के साथ–साथ बुकलेट्स एवं ब्रोशर्स का विमोचन किया गया।





कार्यशाला के अतिरिक्त देश के विभिन्न राज्यो की जैव विविधता प्रबंधन समितियों द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें राजस्थान के अलवर, दौसा, उदयपुर की जैव विविधता प्रबन्धन समिति (BMC) हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, गोवा, तेलंगाना, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडू आदि की जैव विविधता प्रबन्धन समितियों ने भाग लिया। कार्यशाला मे लगभग 450 लोगो की भागीदारी रही, जिसमें 70 स्थानीय जैव विविधता प्रबन्धन समितियों के सदस्य, 65 उदयपुर वन विभाग, 50 देश के विभिन्न भागों से आये प्रतिभागी, 100 विद्यार्थी, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई के सदस्य, स्थानीय सेवानिवृत्त वनाधिकारी आदि उपस्थित रहे।





